दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की मौत

करछना(प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के पुतरिहा-पनासा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में घायल चार युवकों में से एक की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल १८ वर्षीय रचित प्रताप यादव की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रचित माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

मिली जानकारी के अनुसार बसही गांव निवासी लाल प्रताप यादव का

परिवार का इकलौता बेटा था रचित

पुत्र रचित प्रताप यादव शनिवार सुबह करीब ११ बजे गांव के ही अपने साथी अभिनव यादव के साथ बाइक से घर लौट रहा था। पुतरिहा-पनासा के सामने पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गयी।

हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक घायल हो गये। इनमें रचित को गंभीर चोटें आईं। उसके गले की हड्डी और चेहरे पर गंभीर चोट लगी थी। स्वजन उसे लेकर शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक अपने माता-पिता का अकेला था। वह १२वीं का छात्र था। उसकी मौत से माता रानी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।



सुजावन घाट पर स्नान के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।

कार्तिक माह के दूसरे रविवार सुजावन घाट पर उमड़ी भीड़

सुजावन देव दर्शन से दूर होते हैं संकट यमद्वितीया पर उमड़ेगा जनसैलाब

घूरपुर (प्रयागराज)। कार्तिक माह के दूसरे रविवार को सुजावन देव यमुना घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर ५ बजे से ही श्रद्धालु यमुना में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। घाट पर सुबह से ही हर-हर महादेव और यमुना मैया की जय के जयकारे गूंज रहे हैं।

मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने बताया कि आज कार्तिक माह का दूसरा रविवार है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक माह में पड़ने वाले पांच रविवार को यमुना स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान श्रद्धालु यमुना स्नान के बाद भगवान सुजावन देव महादेव का दर्शन-पूजन कर अपनी मन्नत मांगते हैं। मान्यता है कि भगवान सुजावन देव के दर्शन मात्र से ही जीवन के सारे संकट, कष्ट और क्लेश दूर हो जाते हैं। कार्तिक स्नान के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। पुजारी ने बताया कि इस आस्था के पर्व का मुख्य आकर्षण दीपावली के बाद लगने वाला भाई दूज का प्रसिद्ध यमद्वितीया मेला है। इस बार मेले में तीन से चार लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसका कारण यह है कि यमद्वितीया का मेला कामतानाथ भगवान चित्रकूट धाम के वापसी मेले के रूप में जाना जाता है। जो श्रद्धालु चित्रकूट धाम में दर्शन करने जाते हैं, वापसी में वे सभी यमुना स्नान और भगवान सुजावन देव के दर्शन के लिए यहां जरूर आते हैं। इस बार चित्रकूट नगरी को भव्य तरीके से सजाया गया है, इसलिए वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे और वापसी की पूरी भीड़ सुजावन घाट पर उमड़ेगी। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन और स्थानीय प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ड्राइवर हत्याकांड में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा हत्या का राज

प्रयागराज में ड्राइवर के सिर पर मिले छः वार के निशान

क्षेत्र के लवायन कला गांव में हुए ड्राइवर हत्याकांड की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गयी है। रिपोर्ट में हत्या की बेरहमी का खुलासा हुआ है। मृतक धीरज निषाद उर्फ ढल्लू के सिर पर ६ जगह धारदार हथियार से वार किया गया था, जबकि शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर १२ जगह गहरे जख्म मिले हैं।

पोस्टमार्टम में सिर और शरीर पर चोटों के इतने निशान मिलने के बाद पुलिस मान रही है कि आरोपितों ने घेरकर बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद सभी नामजद आरोपित फरार हैं। डाक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक मृतक के सिर पर छः जगह गंभीर चोटें हैं, जो मौत का मुख्य कारण बनीं। इसके अलावा शरीर पर १२ अन्य जगहों पर भी हमले के निशान हैं। पुलिस अब इसी पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आधार बनाकर हत्या में इस्तेमाल हथियार और आरोपितों की संख्या का पता लगाने में जुटी है। हत्या के बाद से फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मोबाइल लोकेशन का सहारा ले रही है। औद्योगिक थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि मृतक की मां बेला देवी की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं और लोकेशन के आधार पर टीमें दबिश दे रही हैं। गौरतलब है कि पुलिस की शुरुआती जांच में ८ साल पहले हुए प्रेम विवाह की रंजिश को हत्या की वजह माना जा रहा है। मृतक धीरज ने गांव की ही सुनीता से ८ साल पहले लव मैरिज की थी, जिसका उसके चचिया श्वसुर विरोध करते थे। इसी रंजिश में हत्या की आशंका जतायी जा रही है।

दीपावली एवं छठ पूजा पर्व को लेकर चाक ने पकड़ी रफ्तार

मिट्टी की कमी ने बढ़ायी कुम्हारों की मुश्किलें



बरगढ़ (चित्रकूट)। दीपावली और महापर्व छठ के आगमन के साथ ही सुस्त पड़े चाक ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है । कुम्हार समाज के लोग दीपावली की तैयारियों में जुट गये हैं । कस्बो मे कई जगहों पर मिट्टी के बर्तनों की दुकानें भी सजने लगी है । मांग बढ़ने से कुम्हार चाक के सहारे दीप, कलश एवं पूजा में उपयोग में आने वाले मिट्टी के बर्तन को बनाने में जुट गये हैं । क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण इलाकों तक के विभिन्न इलाकों में कुम्हार चाक पर काम करते देखे जा रहे हैं । कई कुम्हारों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के पूर्व उनका काम कुछ मंदा पड़ गया था लेकिन नवरात्र में मिट्टी के बने बर्तनों की मांग बाजार में बढ़ने के कारण वे लोग लगातार काम कर रहे हैं । बरगढ़ कस्बे के बुद्धिलाल कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी के बर्तनों की मांग पर्व त्योहारों में अचानक बढ़ जाती है।

खासकर दीपावली से लेकर छठ तक मिट्टी के बर्तनों की मांग काफी रहती है । ऐसे में दिन-रात एक कर मिट्टी के बर्तन को बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में कुम्हार तथा उनके पूरे परिवार के लोग बर्तन बनाने के साथ ही उन्हें सुखाने एवं आग में पकाने आदि का कार्य कर रहे हैं क्योंकि पारंपरिक रूप से दीपावली में मिट्टी के दिये का सबसे ज्यादा उपयोग होता है ।छठ पूजा में भी मिट्टी के बर्तनों की डिमांड काफ़ी बढ़ जाती है.जिसको लेकर कुम्हारों द्वारा लगातार मिट्टी के बर्तनों का निर्माण कार्य जारी रहता है।

कैलास धाम में मातृशक्ति ने किया आंवला पूजन

प्रकृति वंदनको सनातन संस्कृतिका अभिन्न अंग बताते हुए वृक्षोंको संरक्षित करने का किया आह्वान



झूंसी (प्रयागराज)। सनातन धर्म में प्रकृति को पूजनीय मानते हुए वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए झूंसी स्थित कैलास आश्रम ट्रस्ट के कैलास धाम में मातृशक्ति की ओर से प्रकृति वंदन के रूप में विधि-विधान से आंवला पूजन किया गया। इस अवसर पर आम के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम में काशी प्रांत पर्यावरण संयोजक कृष्ण मोहन ने कहा कि सनातन संस्कृति में प्रकृति को ईश्वर का स्वरूप माना गया है। प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करना भी हमारा धार्मिक एवं सामाजिक दायित्व है। आश्रम के महंत स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने कहा कि नीति नियंताओं को एक पौधा मां के नाम लगाने के अभियान के साथ ही पूर्वजों द्वारा लगाये गये पुराने वृक्षों के संरक्षण के लिए भी लोगों को प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर विभाग पर्यावरण संयोजक डा. अमित पांडेय, अधिवक्ता आशुतोष त्रिपाठी, सह संयोजक उत्तर भाग संजय मिश्र, धर्मेंद्र, धार्मिक संस्थान प्रमुख उत्तर भाग, पेड़ आयाम प्रमुख राजीव सिंह, डा. उमाशंकर, पूनम मिश्र, डा. स्तुति शुक्ला, आस्था शुक्ला, कंचन त्रिपाठी, शिप्रा सिंह, अनिल मिश्र (गाना), वीरेंद्र राय और दिव्यांशी त्रिपाठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

मुग्दर से पीटकर महिला की हत्या के मामले में आरोपित महिला को उम्रकैद

साक्ष्य मिटाने के मामले में भी तीन साल की कैद, कुल १२ हजार रुपये जुर्माना

मेजारोड (प्रयागराज)। मुग्दर से प्रहार कर महिला की हत्या करने के मामले में अदालत ने आरोपित महिला सताक्षी पाण्डेय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही १० हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साक्ष्य मिटाने के मामले में भी दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी गयी है।

अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या आठ, प्रयागराज की अदालत ने शनिवार यह फैसला सुनाया। मामला मेजा थाने में दर्ज अपराध संख्या १८७/२०२३ से जुड़ा है। इसमें हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार, सताक्षी पाण्डेय ने वादी की मां की मुग्दर से प्रहार कर हत्या की थी। आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने मामले में प्रभावी पैरवी की और साक्ष्य जुटाकर अदालत में प्रस्तुत किये। इसके बाद अदालत ने आरोपित को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

सताक्षी पाण्डेय, पिंकेश कुमार सिंह की पत्नी हैं। वह वीरपुर शुक्लपुर गांव की निवासी हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेश उपाध्याय ने की थी। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी रत्नेश मिश्र और राधा ने पैरवी की। कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल सरोज और पैरोकार कांस्टेबल दीपक की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दरोगा पर महिला से अश्लील हरकत करने का आरोप

आडियो वायरल होने से मचा हड़कंप, महिला ने पुलिस आयुक्त से की लिखित शिकायत

उतरांव (प्रयागराज)। उतरांव थाना क्षेत्र में तैनात एक दरोगा पर मदद के नाम पर महिला से अश्लील हरकत करने और उसे अपने जाल में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगा है। कथित दरोगा की अश्लील बातचीत का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में चर्चा तेज हो गयी है। हालांकि, वायरल आडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, पारिवारिक कलह और प्रताड़ना से परेशान एक महिला न्याय की उम्मीद लेकर उतरांव थाने पहुंची थी। महिला का आरोप है कि थाने में तैनात दरोगा ने मदद का भरोसा देकर उससे नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में फोन पर अश्लील बातें करने लगा। महिला के मुताबिक, बीते २ अक्टूबर को बलिपुर बाजार के पास दरोगा ने उसे रोककर अपनी बाइक पर बैठाने और कमरे में ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, महिला ने विरोध करते हुए चलती बाइक से कूदकर अपनी आबरू बचाई। महिला ने २८ अक्टूबर को पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत भेजकर आरोपित दरोगा के खिलाफ कारवाई की मांग की है। उसने कथित अश्लील बातचीत की आडियो रिकार्डिंग और वीडियो साक्ष्य होने का भी दावा किया है।

पांच साल पहले भी सामने आया था मामला

खबर के अनुसार, करीब पांच साल पहले उतरांव थाने में तैनात एक सिपाही पर भी मदद के नाम पर नाबालिग दुराचार पीड़िता की मां को अश्लील वीडियो और संदेश भेजने का आरोप लगा था। उस मामले में तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने आरोपित सिपाही के खिलाफ साइबर अपराध का मुकदमा दर्ज कर उसे निलंबित किया था।

इस मामले में एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय का कहना है कि अभी तक इस तरह की कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराकर आरोप सही पाये जाने पर नियमानुसार विधिक कारवाई की जायेगी।

रामहिं केवल प्रेम पियारा- विनोदानन्द

भजन, कविताओं ने पांचवें दिन बांधा समा



करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र के रामपुर में चल रही २८वें जमुनापार महोत्सव के पांचवें दिन प्रवाचकों ने प्रेम तत्व की मार्मिक व्याख्या कर भक्त जनों को भाव विभोर किया,तो वहीं मंच पर पहुंचे कवियों,कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से खूब समां बांधी। प्रयागराज के स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने 'रामहिं केवल प्रेम पियारा, जैसी चौपाइयों से प्रेम तत्व की मार्मिक व्याख्या करते हुए खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा कि प्रेम ही जगत का सार है जिससे तार तार यह संसार जुड़ा है। जो प्रेम हमारे भगवान को प्रिय है हम सबको चाहिए कि पूरे समाज को इसी प्रेम बंधन में बांधकर सामाजिक समरसता और भगवान राम के आदर्श लोक जीवन से जीने की कला सीखें। मिर्जापुर से पधारे आचार्य पंकज जी महाराज ने सत्संग की महिमा बखानते हुए अच्छी संगत के प्रभाव हेतु सभी श्रोताओं का आवाहन किया। इसके पूर्व लोक गायक राम प्रसाद और साथियों ने अपने गीतों से जवानों, किसानों का अभिनंदन किया तो वही कृष्ण कुमार तिवारी ने भी भजन गाकर लोगों को भाव विभोर किया। बबलू सिंह बहियारी के संचालन में डॉ वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर,कृष्णकांत कामिल अमित कुमार और शायर शबरेजअहमद ने भी काव्य पाठ कर श्रोताओं की तालियां बटोरी। महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने रामचरितमानस और संत प्रवर का माल्यार्पण अभिनंदन करते हुए कहा कि महोत्सव हमें अपनी सनातन संस्कृति के साथ-साथ सामाजिक विविधा से जोड़ता है।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी श्रोता भक्तजनों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रजापति, बाबा तिवारी, तीर्थराज पाण्डेय,प्रकाश शुक्ला,राजेंद्र प्रसाद पांडेय,रोशन लाल,राज नारायण चौधरी,रिंकू सिंह, दिनेश सोनी,विशाल चौवे सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

वन विभाग की टीम ने अजगरका रेस्क्यू कर उसके प्राकृतिक आवासपर छोड़ा

मऊआइमा में दीवार पर लिपटा मिला विशालकाय अजगर, मचा हड़कंप



मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के देवी का पूरा, उमरिया बादल उर्फ गेंदा गांव में शनिवार मध्यरात्रि एक अर्धनिर्मित मकान की दीवार पर विशालकाय अजगर लिपटा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया बादल गेंदा देवी का पूरा निवासी लवकुश पटेल और ज्ञानचंद्र पटेल के अर्धनिर्मित मकान की दीवार पर अजगर लिपटा हुआ था। उसे देखकर आसपास मौजूद कुत्ते लगातार भौंकने लगे। आवाज सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकले तो दीवार पर विशालकाय अजगर देखकर सहम गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

गांव के संजय कुमार ने १०७६ नंबर पर सूचना दी। इसके बाद होलागढ़ वन क्षेत्र के वन दरोगा कमलेश कुमार यादव और वन रक्षक आदित्य कुमार वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टॉर्च और मोबाइल की रोशनी में अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन विभाग के अनुसार अजगर का वजन करीब १० से १५ किलो, लंबाई ८ से १० फीट और उम्र लगभग तीन से पांच वर्ष थी। रविवार को सुबह उसे फाफामऊ स्थित पुराने कर्जन पुल के नीचे प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

सुस्त स्वभाव के साथ विषैले नहीं होते अजगर

होलागढ़ के वन दरोगा कमलेश यादव, वन रक्षक आदित्य कुमार वर्मा और मऊआइमा वन सेक्शन अधिकारी मसूद अहमद ने बताया कि अजगर सुस्त स्वभाव के होते हैं। रेस्क्यू हुए अजगर छिपकली, चूहे, गिलहरी, छिपकली आदि को शरीर से जकड़ कर निगल जाते हैं।यह विषैले नहीं होते, लेकिन इनके काटने से गंभीर घाव और संक्रमण का खतरा हो सकता है। ऐसे में सर्पदंश की स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

बारा (प्रयागराज)। रविवार सुबह बारा स्थित एसीपी कार्यालय के सामने तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे और तीनों नाबालिग बताए जा रहे हैं। बाइक शिव राजपूत की तरफ से आ रही थी। घटना की सूचना मिलते ही बारा पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक सहित तीनों नाबालिगों को थाने ले गयी। पुलिस ने तीनों को उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षणके लिए सीएचसी भेज दिया। घटना के बाद मौके पर लोगोंकी भीड़ जुट गयी। पुलिस मामलेकी आवश्यक जांच-पड़तालकर रही है।

सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कर भारत को एक सूत्र में पिरोनेका कार्य किया -प्रवीण कुमार पटेल

सोरांव (प्रयागराज)। सोरांव स्थित ददौली रामनगर मैदान में शनिवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। पूरा मैदान जय सरदार के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूलपुर सांसद प्रवीण कुमार पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद प्रवीण कुमार पटेल ने सरदार बल्लभभाई पटेल के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने सैकड़ों रियासतों का विलय कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। जयंती समारोह में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोग डीजे के साथ रैली निकालकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। बाजितपुर के पूर्व प्रधान राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कई लोग जेसीबी पर सवार होकर पहुंचे और जय सरदार के नारे लगाकर उत्साह जताया।

सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा-टीपी सिंह

कोरांव (प्रयागराज)। सरदार पटेल भारत माता के अनन्य भक्त थे। उन्होंने पूरे प्राणपण से देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का भगीरथ प्रयास किया। देश के युवाओं को सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। यह बातें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम कोरांव ठाकुर प्रसाद ने शनिवार को स्थानीय सरदार पटेल इंटर कालेज सिकरो में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में बोलते हुए कही। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। संचालन विद्यालय के अध्यापक गुलाब शंकर मिश्र ने किया । युवाओं ने सरदार पटेल इंटर कालेज तक एक शोभायात्रा निकाली और डीजे की धुन पर देशभक्ति के गाने बजाकर सरदार पटेल के आदर्शों को प्रचारित किया। वहीं विद्यालय मे कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ अतिथियों का सम्मान किया । कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम कजरी, गजल, एकांकी, नाटक और भाषण प्रतियोगिता से मौजूद अतिथियों और गण मान्य लोगों का स्वस्थ मनोरंजन हुआ। जयंती के इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर अवधेश कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये और पहुंचे अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्य वक्ताओं में पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत सिंह तथा ज्ञानेंद्र सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। विद्यालय के अध्यापक यदुवीर सिंह सहित अन्य अध्यापकों का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

अवतरित हुए रघुनंदन, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा पण्डाल

सहसों (प्रयागराज)। नवीन रामलीला कमेटी उमरपुर बदल का पूरा की ओर से आयोजित रामलीला के दूसरे दिन प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा रामलीला मंच जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण, गुरु विश्वामित्र के साथ वन गमन और ताड़का वध तक की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के प्रसंग पर भावविभोर नजर आये। प्रभु श्री राम के प्राकट्य की भूमिका प्रसिद्धनारायण पांडेय तथा गुरु विश्वामित्र की भूमिका ओमप्रकाश पांडेय ने निभायी। वहीं राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की भूमिकाओं में लकी, हर्षित, मोदी और रुद्रांश पांडेय ने प्रभावशाली अभिनय किया। ताड़का की भूमिका रमेश विश्वकर्मा ने निभायी। इसके अलावा आलोक पांडेय, कुशल पांडेय, प्रवीण जायसवाल, ओमप्रकाश



पर उपस्थित महिलाओं ने मंगल गीत गाकर पुष्प वर्षा की।

लीला में राजा दशरथ की भूमिका सालिकराम प्रजापति, कुलगुरु वशिष्ठ प्रजापति, सुजीत पांडेय, नवनीत यादव, प्रदीप यादव और अश्वनी सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक रामलीला मंचन का आनंद लेते रहे।

शंकरगढ़ में पानी का बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर होगी कारवाई

शंकरगढ़ और रानीगंज में जलनिगम ने जारी की चेतावनी, कटेगा कनेक्शन

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। नगर पंचायत में जलनिगम की ओर से पेयजलापूर्ति का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं को अब समय से जलमूल्य जमा करना होगा। उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय प्रयागराज ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय पर बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कारवाई की जायेगी।

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की जयंती पर संतों ने किया उनके आदर्शों का स्मरण

स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में हुआ समारोह



झूंसी (प्रयागराज)। श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास (ट्रस्ट) के संस्थापक प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की जयंती रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता श्रीराम जन्म भूमि तिर्थ क्षेत्र के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने की।

कार्यक्रम का निर्देशन स्वामी दयानंद महाराज एवं ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी दयानंद महाराज द्वारा प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज के विग्रह का विधि-विधान से पूजन कर किया गया। इसके बाद स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने ब्रह्मचारी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए कहा कि वे धर्मनिष्ठ संत, महान तपस्वी और शताधिक ग्रंथों के रचनाकार थे। उन्होंने प्रयागराज की आध्यात्मिक परंपरा को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन धर्म, साधना और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य डा. सियाराम त्रिपाठी ने किया। समारोह में जगद्गुरु राजाराम महाराज, जगद्गुरु राघव प्रपन्नाचार्य महाराज, महंत सुदर्शनाचार्य महाराज, सुशील दास त्यागी महाराज, जगद्गुरु सुदर्शनाचार्य महाराज, महंत रामदास महाराज, डा. चंद्रदेव महाराज, चक्रनारायणाचार्य महाराज, जगद्गुरु घनश्याम आचार्य महाराज, अहोबिल प्रपन्नाचार्य तथा प्रो. जनार्दन प्रसाद पांडेय त्यागी सहित अनेक संत-महात्माओं ने ब्रह्मचारी महाराज के जीवन और उनकी कृतियों पर प्रकाश डाला। संतों ने उनके बताये मार्ग पर चलने तथा सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, ट्रस्टी बिफोर अग्रवाल, महाविद्यालय अध्यक्ष डा. देवदत्त मुद्गल, बारूराम शर्मा, सतीश किशोर कक्कड़, रेखा खरे, देवमणि पांडेय, सत्येंद्र द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी डा. नागेंद्र मिश्रा, डा. रामसमझ दुबे, सभापति तिवारी, डीआर विद्याधर द्विवेदी, आशुतोष मुद्गल, रामजी त्रिपाठी, डा. विजय आनंद, प्रीतम, डा. प्रमोद, ब्रह्मप्रकाश मिश्र, लक्ष्मण त्रिपाठी, सौरभ, आदित्य, अमन भारत, त्रिपाठी एवं प्रेमलाल मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराज का पूजन-अर्चन एवं आरती की। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मनुपुर बाजारका धूमधामसे मना दशहरा, रावणके पुतलेका किया गया दहन

प्रतापपुर (प्रयागराज)। असत्य पर सत्य और अधर्मकी विजय का मिशाल है विजयदशमी का पर्व क्षेत्र के मनुपुर बाजार में परम्परागत श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रति वर्ष विजयदशमी मनायी जाती। श्री हनुमत रामलीला कमेटी मनुपुर के तत्वाधान में रविवार को आयोजित दशहरा महोत्सव में भगवान श्री राम द्वारा रावण बध का मंचन किया गया । इसके बाद बुराइयों के प्रतीक रावण का पुतला जलाया गया । इस दौरान आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे । कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान टेकरी मंदिर के प्रागढ़ से राम लक्ष्मणसीता सहित सभी राम दल का पूजा-अर्चना के बाद किया गया । इस दौरान शाम ५: बजे के करीब भगवान श्री राम लक्ष्मण हनुमान सहित भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।